# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 दिसम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने आज पीएसएलवी– सी–उन्सठ से यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–तीन उपग्रह का सफल प्रक्षेपण किया। इसे आंध्र प्रदेश स्थित श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्पेसपोर्ट शार के पहले लॉन्च पैड से छोड़ा गया। यह उपग्रह सटीक सूचना हासिल करेगा जो विज्ञान और अनुप्रयोगों तथा बड़े पैमाने पर भविष्य के मिशनों के लिए एक नए युग की शुरुआत करेगा। केंद्रीय विज्ञान और प्रोद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने एक सोशल मीडिया संदेश के जरिये इस उपग्रह के सफल प्रक्षेपण की बधाई दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के रामकथा पार्क में तैंतालिसवें रामायण मेले का उद्‌घाटन किया । चार दिवसीय इस मेले में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानस मर्मज्ञों की गोष्ठी और प्रवचन होंगे । इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि और गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली के साथ ही चित्रकूट का भी विकास किया जाएगा । उन्होंने रामायण पर अतिरिक्त शोध की आवश्यकता जताई । समाजवादी विचारक डॉ राम मनोहर लोहिया को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ लोहिया ने कहा था कि जब तक भारत की आस्था तीन आराध्य देवों प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव के प्रति बनी रहेगी, तब तक भारत का कोई बाल बांका भी नहीं कर पाएगा।

**********

अयोध्या में कल से हॉट एयर बलून सेवा की शुरुआत की गयी। इस हॉट एयर बलून के माध्यम से पर्यटक लगभग ढाई सौ फीट की ऊंचाई से दस मिनट तक अयोध्या के सरयू घाट और मठ मंदिरों का दर्शन कर सकेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर संयुक्त रूप से इस सेवा का संचालन कर रहे हैं। इस बलून के लिए नौ सौ निन्यानबे रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने होंगे। इसमें एक साथ चार लोग बैठ सकेंगे, जिनमें पॉयलट भी शामिल है।

**********

प्रयागराज में तेरह जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान करवाने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एनडीआरएफ के जवान भी मुस्तैद रहेंगे। यह बल किसी भी आपदा की स्थिति में राहत कार्य करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ग्यारहवीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार ने आज वाराणसी में बताया कि महाकुंभ संबंधित जो भी आवश्यक तैयारियां करनी हैं, वह कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सहायता और सुरक्षित स्नान प्रथम जिम्मेदारी होगी। इसके लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल तैयार है।

**********

कौशांबी जिले में वहां के जिला प्रशासन ने महाकुम्भ यात्रियों एवं कल्पवासियों के स्वास्थ्य और यात्रा संबंधित एडवाइजरी जारी किया है। इसके माध्यम से महाकुम्भ मेला दो हजार पच्चीस मोबाईल एप डाउनलोड करने की खासतौर से अपील की गई है। इस एप के जरिये मेले के संबंध में विस्तृत जानकारी मिल सकेगी। बुजुर्ग और बीमार लोगों को चिकित्सकीय जांच के बाद चिकित्सक की सलाह पर ही यात्रा करने का सुझाव दिया गया है।

**********

रेलवे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जक्शन से सूबेदारगंज के बीच चलने वाली मेमू एक्सप्रेस का संचालन प्रतिदिन करने का निर्णय लिया है। इससे पहले इस ट्रेन का संचालन शनिवार और रविवार को नहींहोता था। उत्तर मध्य रेलवे के जनसम्पर्क अधिकारी ने आज मिर्जापुर मे यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि इस ट्रेन का संचालन किए जाने से जिले के लोगों को अब प्रयागराज की यात्रा करने में काफी सहूलियत होगी। इससे महाकुम्भ मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा भी सुगम हो जाएगी।

**********

अड़सठवीं अंडर चौदह बालक और बालिका राष्ट्रीय विद्यालयी वॉलीबॉल प्रतियोगिता दो हजार चौबीस पच्चीस का आयोजन बनारस हिंदू विश्विद्यालय के एम्फीथिएटर मैदान में दस दिसम्बर से होगा । चौदह दिसम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में पैंतालिस टीमों के एक हजार अस्सी खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान ग्यारह दिसम्बर से तेरह दिसम्बर तक शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने मंडलायुक्त सभागार में आज प्रतियोगिता के शुभंकर तथा ट्रॉफी का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है की हम काशी के आतिथेय भावना को प्रदर्शित करें और आने वाले खिलाड़ियों तथा टीम के सदस्यों को भी यहां के संस्कृति से परिचित कराएं।

**********

सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जाने वाली योजनाओं एवं अन्य अनुदानों का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह जानकारी मऊ जिले के अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में फार्मर रजिस्ट्री इकतीस दिसंबर दो हजार चौबीस तक की जाएगी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले तीन दिनों के भीतर न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना जताई है। इसके बाद धीरे धीरे न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी हो सकती है। विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश संबंधी जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार अगले चौबीस घंटों के बाद अधिकतम तापमान में भी दो से चार डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। इस सप्ताह भी मौसम शुष्क रहेगा और प्रदेश में कई स्थानों पर हल्का से मध्यम कोहरा छाया रहेगा।

**********